<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–09 अप्रैल 2025</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- वक्फ संशोधन अधिनियम कल से हुआ लागू, राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्री परिषद की बैठक में अयोध्या में दिव्यांगों के लिए बचपन डे केयर सहित 13 प्रस्तावों को मिली मंजूरी : पीआरडी जवानों का भत्ता बढ़ाकर 500 रुपए करने पर भी लगी मुहर।
- मुख्यमंत्री ने की इन्वेस्ट यूपी के कार्यों की समीक्षाः कहा– आज देश और दुनिया का हर निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश को है उत्सुक।
- प्रदेश के कई जनपदों में बारिश को लेकर मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट। आगरा समेत आसपास के जनपदों में लू चलने की भी जताई संभावना।

**********

वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 आज से लागू हो गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा विधेयक को मंजूरी दिए जाने के बाद सरकार ने इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी है। नए कानून का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को सुव्यवस्थित करना है, जिसमें विरासत स्थलों की सुरक्षा और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के प्रावधान हैं। इसका उद्देश्य संपत्ति प्रबंधन में पारदर्शिता बढ़ाकर, वक्फ बोर्डों और स्थानीय अधिकारियों के बीच समन्वय को सुव्यवस्थित करना और हितधारकों के अधिकारों की रक्षा करना भी शामिल है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कल हुई प्रदेश मंत्री परिषद की बैठक में 13 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि बैठक में अयोध्या में दिव्यांग बच्चों के लिए बचपन डे केयर बनाने के लिए भूमि अधिग्रहण को मंजूरी दी गई। इसके अलावा पीआरडी जवानों के भत्ते में बढ़ोतरी को मंजूरी प्रदान की गई है। इसका लाभ प्रदेश के लगभग 34 हजार पीआरडी जवानों को मिलेगा।

***प्रस्ताव संख्या तीन है। जनपद अयोध्या में तीन से सात वर्ष आयु वर्ग के श्रवण बाधित दृष्टिबाधित एवं मानसिक मंदिर छात्रों ने बचपन डे केयर सेंटर की स्थापना है। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अयोध्या को हस्तांतरित किए जाने पर मंत्रिपरिषद ने सहमति प्रदान कर दी है। प्रांतीय रक्षक दल स्वयं सेवकों की ड्यूटी भत्ता बढ़ा दिया गया है। तीन सौ पचानवे रुपए अभी तक मिलते थे। अब पाँच सौ रुपए कर दिए गए हैं।***

मंत्री परिषद की बैठक में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सहकारी समितियां और पंचायत लेखा परीक्षा सेवा नियमावली 2025 पुनर्गठन के प्रस्ताव को भी मंजूरी मिली है। श्री खन्ना ने बताया कि अयोध्या में 300 बेड वाले अस्पताल के निर्माण और हाथरस में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए भूमि हस्तानांतरण पर भी मंत्रिमंडल ने मुहर लगाई है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में दवा निर्माण और परीक्षण के लिए फार्मास्यूटिकल सेक्टर की नई मानक संचालन प्रक्रिया को मंजूरी प्रदान कर दी है। इस पहल के तहत 9.50 करोड़ रुपये की राशि की स्वीकृति दी गई है जिससे प्रदेश में दवाओं के निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। एसओपी के लागू होने के साथ ही, राज्य के 20 चिकित्सा संस्थानों ने दवाओं के क्लिनिकल ट्रायल्स की प्रक्रिया को भी स्वीकृति दे दी है। यह संस्थान अब अपनी सुविधाओं में इन ट्रायल्स को संचालित करेंगे और इसके लिए उचित प्रशिक्षण और मानक संचालन प्रक्रियाएं भी तैयार कर ली गई हैं। यह कदम प्रदेश के फार्मा क्षेत्र को वैश्विक मानकों के अनुसार तैयार करने में सहायक सिद्ध होगा।

**********

अन्नदाता किसानों के हित के लिए प्रदेश सरकार निरंतर कार्य कर रही है। सरकार के कार्यों का ही परिणाम है कि पहली बार अप्रैल के पहले सप्ताह में ही एक लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं खरीद हुई। इस वर्ष मोबाइल केंद्र के माध्यम से गांवों में जाकर किसानों से गेहूं खरीद सुनिश्चित की गई। अब तक 20 हजार 409 किसानों से गेहूं खरीद हो चुकी है। वहीं कुल 3.56 लाख से अधिक किसानों ने गेहूं बिक्री के लिए पंजीकरण भी करा लिया है। गेहूं खरीद 15 जून तक चलेगी। गेहूं की बिक्री के लिए पहली मार्च से पंजीकरण प्रारंभ हो चुका है। अब तक प्रदेश के 3.56 लाख से अधिक किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। केंद्र सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) रबी विपणन वर्ष 2025–26 के लिए 2425 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया है।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 अप्रैल को प्रस्तावित वाराणसी दौरे को लेकर कल एसपीजी की टीम वाराणसी पहुंची। प्रधानमंत्री के आगमन से पहले इस टीम ने उनके कार्यक्रम स्थल और आवाजाही के रूट का निरीक्षण किया। पेश है

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी के प्रस्तावित दौरा को लेकर तैयारियां तेज़ी से पूरी की जा रही हैं। मेंहदीगंज स्थित प्रधानमंत्री के जनसभा स्थल पर मंच और पंडाल बनाने, हेलीपैड निर्माण और वाहन पार्किंग आदि की व्यवस्था का काम युद्धस्तर पर किया जा रहा है। इसके साथ ही जनसभा स्थल पर एसीपी राजातालाब के नेतृत्व में फोर्स तैनात कर दी गई है। प्रधानमंत्री एक दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र काशी को करीब 3884 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात देंगे। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल इन्वेस्ट यूपी के कार्यों की समीक्षा की। श्री योगी ने कहा कि आज देश–दुनिया का हर निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए उत्सुक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के मंत्र को आत्मसात करते हुए विगत 08 वर्षों में उत्तर प्रदेश देश के सर्वश्रेष्ठ इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन के रूप में औद्योगिक जगत की पहली पसंद बन कर उभरा है। इस सकारात्मक माहौल को और बेहतर बनाने के लिए विशेषज्ञों की भी सेवाएं ली जाएं।

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में औद्योगिक परिवेश को और बेहतर बनाने के लिए विशेषज्ञों की सेवाएं लेने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि इन्वेस्ट यूपीश को मॉडल इन्वेस्टमेंट प्रमोशन और फैसिलिटेशन एजेंसी के रूप में कार्य करना होगा। इसके लिए आवश्यक है कि विशेषज्ञों की सेवाएँ ली जाएं। श्री योगी ने कहा है कि हमारे पास हर सेक्टर के इंडस्ट्री स्पेशलिस्ट होने चाहिए, जो अपने अनुभव और विशेषज्ञता के अनुसार ग्लोबल लेवल पर इंडस्ट्री से सुविधाजनक ढंग से संवाद और समन्वय बना सकें और प्रदेश में अधिकाधिक निवेश आए।**

**********

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कल लखनऊ में अवध प्रांत के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में संघ के शताब्दी वर्ष की तैयारियों पर गहन चर्चा हुई, जिसमें निर्णय लिया गया कि संघ अपने 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में समाज के बीच जाकर संवाद स्थापित करेगा। साथ ही संघ के योगदान और इतिहास को घर–घर पहुंचाने के लिए अक्टूबर से अभियान शुरू करेगा।

**********

प्रदेश में वन्य जीवों की रक्षा और प्रकृति की सुरक्षा के लिए कल से वन व वन्य जीव सुरक्षा माह की शुरुआत हो गई है। प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री डॉक्टर अरूण कुमार सक्सेना ने बताया कि इस माह में जंगलों के साथ वन्य जीवों की सुरक्षा की विशेष निगरानी की जाएगी।

**इसके अंदर हमने ये किया है कि हम अपने जंगलों का और जंगल में रहने वाले वन्य जीवों की सुरक्षा करेंगे और इसके लिए पूरी रेगुलर मॉनिटरिंग होगी और तीन शिफ्ट में अलग अलग यहां से अधिकारी भी जाएंगे और सभी लोग जाएंगे। विभिन्न जंगलों में देखेंगे कि रात में पेट्रोलिंग हो रही है या नहीं हो रही है।**

**********

आईपीएल के तहत कल खेले गए दो रोमांचक मुकाबलों में लखनऊ सुपरजायंट्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को चार रन से पराजित किया। कोलकाता के ईडन गार्डन में हुए मुकाबले में सुपरजायंट्स ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर में 238 रनों का लक्ष्य निर्धारित किया। पीछा करने उतरी कोलकाता नाइटराईडर्स 234 रन ही बना सकी। दूसरे मुकाबले में पंजाब किंग्स इलेवन ने चेन्नई सुपर किंग्स को 18 रनों से पराजित किया।

**********

मौसम विभाग ने पश्चिमी यूपी के कई जनपदों में आज गर्मी का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटों में आगरा, अलीगढ, औरैया, बुलंदशहर, इटावा और आसपास के ज़िलों में लू चलने का अनुमान है। हालांकि उसके बाद तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है। इसके साथ ही गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, आंबेडकरनगर, आजमगढ़ समेत आसपास के जनपदों में गरज चमक के साथ बारिश की संभावना व्यक्त की है।

**********